प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.05.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज राज्य सचिवालय से नगर निगम शिमला के कचरा संग्रहण के 10 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल के साथ नगर निगम शिमला राज्य का पहला शहरी स्थानीय निकाय बन गया है, जिसने चरणबद्ध तरीके से कचरा प्रबंधन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में ई–मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है और हिमाचल को देश का एक हरित राज्य बनाने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर इससे नगर निगम का खर्च भी कम होगा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

परीक्षा परिणाम

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। विज्ञान, कला और वाणिज्य तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम 92 दशमलव शून्य–दो प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 81 हज़ार 4 सौ 17 परीक्षार्थियों में से 74 हज़ार 6 सौ 37 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि 3 हज़ार 71 की कंपार्टमेंट आई है। कांगड़ा ज़िला के भवारना स्थित पी.एम.श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र अंशित कुमार ने 99 दशमलव 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल किया है। इसी तरह कांगड़ा के एक निजी स्कूल की छात्रा शायला कश्यप और सिरमौर ज़िले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पच्छाद की आरूषि ने संयुक्त रूप से 99 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल है। धर्मशाला के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़ी की छात्रा शाम्या बर्जातया ने 98 दशमलव 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है।

बधाई

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा घोषित 12वीं कक्षा की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम और पढ़ाई के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस बीच शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने

कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है जो राज्य सरकार और शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए निरंतर सुधारों व प्रयासों के सकारात्मक परिणाम को दर्शाता है। रोहित ठाकुर ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष एक बार फिर छात्राओं ने परीक्षा में छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विशेषकर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की सफलता यह संकेत देती है कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

मतगणना

चार राज्यों असम, पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु और एक केन्द्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। अब तक के रूझानों में पश्चिम बंगाल, असम और पुंदुचेरी में भाजपा जबकि तमिलनाडू में टीवीके और केरलम में यूडीएफ आगे चल रही है। निर्वाचन आयोग ने पांचों राज्यों में मतगणना के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। इस बीच चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

लोक अदालत

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ व आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 21 अप्रैल से "समाधान समारोह विशेष लोक अदालत 2026" का आयोजन किया गया है। इस अभियान का समापन 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगा।